# रजत जयंती समारोह

## बौद्धिक दिव्यांग बच्चों के लिए दो दिवसीय ट्राईसिटी योग प्रतियोगिता का आयोजन

**02 & 03 अगस्त 2023**

राजकीय बौद्धिक दिव्यांगजन पुनर्वास संस्थान, सेक्टर 31 के द्वारा अपने रजत जयंती समारोह के शुभ अवसर पर दूसरे और तीसरे दिन बौद्धिक दिव्यांग बच्चों के लिए दो दिवसीय ट्राई सिटी योग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन गवर्नमेंट कॉलेज आफ एजुकेशन, सेक्टर 20, चंडीगढ़ में किया गया था।.

### प्रतियोगिता का प्रथम दिन : 2 अगस्त 2023

राजकीय बौद्धिक दिव्यांगजन पुनर्वास संस्थान (ग्रिड) के द्वारा बुधवार को अपने रजत जयंती समारोह के दूसरे दिन ट्राइसिटी योग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में ट्राइसिटी के कुल 9 संस्थानों एवं विशेष विद्यालय के करीब 40 बौद्धिक दिव्यांग बच्चों ने भाग लिया। यहां बच्चों ने विभिन्न योग आसन जैसे ताड़ासन, वृक्षासन, वीरभद्रासन, त्रिकोणासन, पश्चिमोत्तानासन, भद्रासन, भुजंगासन, धनुरासन इत्यादि का प्रदर्शन किया। इस कार्यक्रम का आयोजन गवर्नमेंट कॉलेज ऑफ़ एजुकेशन, सेक्टर 20 में किया गया था।

इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पोस्ट ग्रेजुएट कॉलेज ऑफ योग एजुकेशन एंड हेल्थ, सेक्टर 23 के प्राचार्य डॉ महेंद्र सिंह थे। संस्थान के संयुक्त निदेशक डॉ प्रीति अरुण ने प्रतिभागियों के उत्साह की सराहना की।

सभी विजेता प्रतिभागियों को जीएमसीएच सेक्टर 32 के सर्जरी विभाग के प्रमुख और अकादमिक प्रभारी डॉक्टर ए के अत्री, मनोचिकित्सा विभाग के डॉ सिदाना एवं ग्रिड के विशेष विद्यालय के कार्यवाहक प्राचार्या बंदना सिंह के द्वारा पुरस्कृत किया गया।

विजेता प्रतिभागियों का विवरण -

14 वर्ष से कम बालिका वर्ग में सोरेन की नैना एवं ओपन एंट्री से मनप्रीत ने स्वर्ण पदक, ग्रिड की वंदना ने रजत पदक एवं आकृति ने कांस्य पदक हासिल किया। वहीं बालक वर्ग में ग्रिड से शिवम ने स्वर्ण पदक, 12 विंग एयर फोर्स से रुद्रा दास ने रजत पदक एवं सोरेन से मीवान ने रजत पदक हासिल किया।

वहीं, 14 वर्ष से अधिक आयु वर्ग बालिका में ग्रिड की किरण ने स्वर्ण पदक, पिंगलवारा से कामिनी ने रजत पदक, एवं ग्रीड से निहारिका एवं सोरेन से तृप्तजोत ने संयुक्त रूप से कांस्य पदक हासिल किया। 14 वर्ष से अधिक आयु वर्ग बालकों में ग्रिड का आशीष चौहान ने स्वर्ण पदक, आशा चंडीमदिर से अमन ने रजत पदक एवं 12 विंग एयर फोर्स से हर्ष राज ने कांस्य पदक हासिल किया।

### आंगनबाड़ी कर्मियों के लिए जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन 02 अगस्त 2023

ग्रिड के रजत जयंती समारोह के शुभ अवसर पर आज आंगनवाड़ी केंद्र, सेक्टर 41 में भी आंगनवाड़ी कर्मियों के लिए जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें करीब 50 आंगनवाड़ी कर्मियों ने हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाज कल्याण, महिला एवं बाल विकास विभाग, चंडीगढ़ प्रशासन के निदेशक पालिका अरोड़ा थे। उन्होंने ग्रिड के द्वारा की जाने वाले उत्कृष्ट कार्यों की सराहना की एवं बताया की आंगनवाड़ी कर्मियों के लिए यह प्रशिक्षण अति महत्वपूर्ण है, क्योंकि वे सोसाइटी में घर घर जाकर सेवा प्रदान करते हैं। संस्थान के संयुक्त निदेशक डॉ प्रीति अरुण ने मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह के साथ सम्मानित किया एवं अपने अनुभव शेयर किए। क्लीनिक इंचार्ज

डॉ रीना जैन ने ग्रिड में बौद्धिक दिव्यांग बच्चों को दी जाने वाली विभिन्न चिकित्सा एवं सुविधाएं की जानकारी दी।

जागरूकता सत्र में सीबीआर इंचार्ज यशविंदर कपिल ने शीघ्र हस्तक्षेप एवं बौद्धिक दिव्यांगता के कारण एवं रोकथाम पर प्रस्तुति दी।



# आंगनवाड़ी कर्मियों के लिए जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**चंडीगढ़।** राजकीय बौद्धिक दिव्यांगजन पुनर्वास संस्थान (ग्रिड) द्वारा बुधवार को अपने रजत जयंती समारोह के दूसरे दिन ट्राइसिटी योग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में ट्राइसिटी के कुल 9 संस्थानों एवं विशेष विद्यालय के करीब 39 बौद्धिक दिव्यांग बच्चों ने भाग लिया। बच्चों ने विभिन्न योग आसन जैसे ताड़ासन, वृक्षासन, वीरभद्रासन, त्रिकोणासन, पश्चिमोत्तानासन, भद्रासन, भुजंगासन, धनुरासन इत्यादि का प्रदर्शन किया। इस कार्यक्रम का आयोजन गवर्नमेंट कॉलेज ऑफ् एजुकेशन, सेक्टर 20 में किया गया था। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पोस्ट ग्रेजुएट कॉलेज ऑफ योग एजुकेशन एंड हेल्थ, सेक्टर 23 के प्राचार्य डॉ महेंद्र सिंह थे। संस्थान के संयुक्त निदेशक डॉ प्रीति अरुण ने प्रतिभागियों के उत्साह की सराहना की। सभी विजेता प्रतिभागियों को जीएमसीएच सेक्टर 32 के सर्जरी विभाग के प्रमुख और अकादमिक प्रभारी डॉक्टर ए के अत्री, मनोचिकित्सा विभाग के डॉ सिदाना एवं ग्रिड के विशेष विद्यालय के कार्यवाहक प्राचार्या बंदना सिंह के द्वारा पुरस्कृत किया गया। अंडर 14 गर्ल में सोरम की नैना एवं ओपन एंट्री से मनप्रीत ने स्वर्ण पदक, ग्रिड की वंदना ने रजत पदक एवं आकृति ने कांस्य पदक हासिल किया वहीं बॉयज में ग्रिड से शिवम ने स्वर्ण पदक, 12 विंग एयर फोर्स से रुद्रा दास ने रजत पदक एवं सोरम से मीवान ने रजत पदक हासिल किया।

मीडिया कवरेज



मुख्य अतिथि गवर्नमेंट कॉलेज आफ योग एजुकेशन एंड हेल्थ, सेक्टर 23, चंडीगढ़ के प्राचार्य डॉ महेंद्र सिंह, संस्थान के संयुक्त निदेशक डॉ प्रीति अरुण, प्रभारी प्राचार्या सुश्री वंदना सिंह, पाठ्यक्रम समन्वयक डॉ रवि केएम एवं सहायक प्राध्यापक डॉ करूप्पासामी के साथ दीप प्रज्वलित करते हुए।





प्रतियोगिता में भाग लेते हुए योग प्रतिभागी




**14 वर्ष से अधिक आयु वर्ग लड़कों की श्रेणी में प्रथम पुरस्कार प्राप्त ग्रिड के आशीष को पुरस्कृत करते हुए गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल, सेक्टर 32 के प्रोफेसर डॉ ए के अत्री, डॉ सिडाना एवं संस्थान के विशेष विद्यालय की प्रभारी प्राचार्या सुश्री वंदना सिंह।**

## प्रतियोगिता का दूसरा दिन : 3 अगस्त 2023

# ग्रिड के छात्रों ने ट्राइसिटी योग प्रतियोगिता में जीता स्वर्ण पदक

गवर्नमेंट कॉलेज ऑफ एजुकेशन, सेक्टर 20 में आयोजित ट्राइसिटी योग प्रतियोगिता के अंतिम दिन फ्यूजन समूह योग प्रदर्शन का आयोजन किया गया। इसमें ट्राइसिटी के कुल 6 संस्थानों जैसे ग्रिड, आशा स्कूल, सोरम, भवन विद्यालय, प्रयास और भगत पूरन सिंह पिंगलवाड़ा ने हिस्सा लिया। इस योग प्रतियोगिता का आयोजन राजकीय बौद्धिक दिव्यांगजन पुनर्वास संस्थान (ग्रिड) के रजत जयंती समारोह

के अवसर पर किया गया था। छात्रों ने अपनी मनपसंद संगीत धुनों के साथ सूर्य नमस्कार, ताड़ासन, चक्रासन एवं भुजंगासन इत्यादि आसनों का बेहतरीन प्रदर्शन किया।

इस प्रतियोगिता में ग्रिड के छात्रों के समूह (पूजा, शिवानी, दीक्षा, निशा, नितिन, अनूप, गौरव, अभय, शिव और सूरज) ने स्वर्ण पदक; सोरम, सेक्टर 36 के छात्रों के समूह (पूर्णिमा, हरलीन, प्रगति, मिलन, मनप्रीत, अभिषेक, पलप्रीत, आकाशदीप, विनीत सिंह और मन्नत) ने रजत पदक जीते। वहीं, भवन विद्यालय के छात्रों के समूह (हेमंत बजाज, कुंवरजीत, दिव्यजीत, आदित्य, लक्ष्य वीर, हार्दिक अग्रवाल, सचिन, हरसिमरन, प्रार्थना और अमृतपाल ने कांस्य पदक जीते।

इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हरियाणा योग आयोग, पंचकूला के अध्यक्ष डॉ जयदीप आर्य एवं विशिष्ट अतिथि गवर्नमेंट कॉलेज ऑफ़ एजुकेशन, सेक्टर 20 की प्राचार्या डॉ सपना नंदा थी। संस्थान के संयुक्त निदेशक डॉ प्रीति अरुण ने अतिथियों का स्मृति चिन्ह के साथ स्वागत किया एवं ग्रिड के द्वारा किए गए 25 वर्षों के उत्कृष्ट कार्यों से अवगत कराया।

कार्यक्रम के अंत में संस्थान के विशेष विद्यालय की कार्यवाहक प्राचार्या वंदना सिंह ने धन्यवाद ज्ञापित किए। ग्रिड की योग चिकित्सक सुश्री मनीषा एवं सुश्री परिणीता दो दिवसीय योग प्रतियोगिता की समन्वयक थी।



सेक्टर-20 में आयोजित ट्राइसिटी योग प्रतियोगिता में योगासन करते विद्यार्थी। संवाद

## छात्रों ने संगीत धुनों के साथ किया योगासनों का प्रदर्शन

**चंडीगढ़।** गवर्नमेंट कॉलेज ऑफ एजुकेशन, सेक्टर-20 में आयोजित ट्राइसिटी योग प्रतियोगिता के अंतिम दिन फ्यूजन समूह योग प्रदर्शन का आयोजन किया। इसमें ट्राइसिटी के कुल 6 संस्थानों ग्रिड, आशा स्कूल, सोरम, भवन विद्यालय, प्रयास और भगत पूरन सिंह पिंगलवाड़ा ने हिस्सा लिया।

छात्रों ने मनपसंद संगीत धुनों के साथ सूर्य नमस्कार, ताड़ासन, चक्रासन एवं भुजंगासन इत्यादि आसनों का बेहतरीन प्रदर्शन किया। योग प्रतियोगिता का आयोजन राजकीय बौद्धिक दिव्यांगजन पुनर्वास संस्थान (ग्रिड) के रजत जयंती समारोह के अवसर पर किया गया। प्रतियोगिता में ग्रिड के छात्रों के समूह (पूजा, शिवानी, दीक्षा, निशा, नितिन, अनूप, गौरव, अभय, शिव और सूरज) ने स्वर्ण पदक; सोरम, सेक्टर-36 के छात्रों के समूह (पूर्णिमा, हरलीन, प्रगति, मिलन, मनप्रीत, अभिषेक, पलप्रीत, आकाशदीप, विनीत सिंह और मन्नत) ने रजत पदक जीते।

वहीं, भवन विद्यालय के छात्रों के समूह (हेमंत बजाज, कुंवरजीत, दिव्यजीत, आदित्य, लक्ष्य वीर, हार्दिक अग्रवाल, सचिन, हरसिमरन, प्रार्थना और अमृतपाल ने कांस्य पदक जीते। संवाद

The Tribune

Chandigarh Tribune

The Tribune (Chandigarh Tribune) Page No-03 Colum No-07 Date-07-08-2023

## GRIID TEAM WINS GOLD IN YOGA

**Chandigarh:** The yoga team of Govt Rehabilitation Institute for Intellectual Disabilities (GRIID) comprised of Pooja, Shivani, Deeksha, Nisha, Nitin, Anup, Gaurav, Abhay, Shiva and Suraj claimed gold medal in the group event of the Tricity Yoga Competition for persons with intellectual disability. SOREM students — Purnima, Harleen, Pargati, Milan, Manpreet, Abhishek, Palpreet, Akashdeep, Vineet Singh, Mannat — got silver medal, while Bhavan Vidyalaya's Hemant, Divyajeet, Aditya, Lakshyaveer, Kunwarjeet, Hardik, Sachin, Harsimran, Pararthana, and Amritpal – won bronze medal. TNS




ग्रुप परफॉर्मेंस देते हुए योग प्रतिभागी




**विजेताओं को मेडल देते हुए मुख्य अतिथि डॉ जयदीप आर्य।**




मुख्य अतिथि डॉ जयदीप आर्य, गवर्नमेंट कॉलेज आफ एजुकेशन, सेक्टर 20 की डॉ सपना नंदा संस्थान की संयुक्त निदेशक डॉ प्रीति अरुण विशेष विद्यालय की प्रभारी प्राचार्य सुश्री वंदना सिंह एवं उन अधिकारीगण एवं कर्मी।




योग प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि डॉ जयदीप आर्य को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित करते हुए संस्थान की संयुक्त निदेशक डॉ प्रीति अरुण।